झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

—: प्रेस विज्ञप्ति :—

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्यान्तर्गत झारखण्ड प्रशिक्षित माध्यमिक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2025 (विज्ञापन संख्या—02/2025) के आधार परझारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दिनांक 16.06.2026 को उर्दू, संथाली, बंगला, मुण्डारी, हो, कुडुख, कुरमाली, नागपुरी, पंचपरगनिया, खोरठा एवं उड़िया विषय के प्रकाशित परीक्षाफल के आलोक में आयोग द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों की योग्यता एवं अहर्त्ता संबंधी सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/जाति/आवासीय प्रमाण पत्रों/ दिव्यांग्ता प्रमाण—पत्र आदि (अभ्यर्थियों द्वारा झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग को समर्पित किये गये मूल आवेदन—पत्र में अंकित अभ्युक्तियों एवं आवेदन—पत्र के साथ संलग्न किये गये वांछित सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ) का मिलान करते हुए विषयवार सफल अभ्यर्थियों का दिनांक 07.07.2026 (मंगलवार), दिनांक 08.07.2026 (बुधवार) एवं दिनांक 09.07.2026 (बृहस्पतिवार)को निम्न कार्यक्रमानुसार काउन्सिलिंग हेतु तिथि निर्धारित की जाती है :—

स्थान	समय	तिथि	विषय
एम.डी.आई भवन, प्रथम तल स्थित सभागार, धुर्वा।	11:00 बजे पूर्वाह्न से।	07.07.2026 (मंगलवार)	उर्दू, बंगला, मुण्डारी एवं उड़िया
		08.07.2026 (बुधवार)	संथाली, पंचपरगनिया एवं कुरमाली
		09.07.2026 (बृहस्पतिवार)	नागपुरी, खोरठा, हो एवं कुडुख

अतः सफल अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे उक्त कार्यक्रमानुसार अपने योग्यता एवं अहर्त्ता संबंधी सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/जाति/आवासीय प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियाँ एवं तत्संबंधी सभी प्रमाण—पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति के साथ—साथ आवेदन पत्र में संलग्न किये गये पासपोर्ट साईज का फोटो की तीन स्वअभिप्रमाणित प्रतियों के साथ स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करें। जो अभ्यर्थी काउन्सिलिंग में उपस्थित नहीं होंगे, उनका नियुक्ति पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा। किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थी को स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

ह0/—
(राजेश प्रसाद)
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा,
झारखण्ड, राँची।